Email ID- cdupjn_amroha@yahoo.com

# कार्यालय

## अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),

मौहल्ला सिरसागढ़ पड़की, बम्बूगढ चौराहा/न्यू रोडवेज बस स्टैण्ड के पीछे कांकर सराय वाई पास रोड, अमरोहा-244221

पत्रांक **1607** / न्यूज कटिंग /48, दिनांक 18–04–2026

सेवा में,

जिलाधिकारी,
अमरोहा।

विषयः– Amarujala (Amroha Edition) 17-04-2026 में प्रसारित न्यूज के निस्तारण के संबंध में।

महोदया,

उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला के माध्यम से दिनांक 17.04.2026 को न्यूज इस खण्ड को प्राप्त हुयी है, के संदर्भ में खण्ड से सम्बन्धित आख्या निम्नानुसार प्रेषित है–

**अद्यतन आख्या निम्नानुसार है–**

| हैड लाइन | आख्या |
|---|---|
| ''जल जीवन मिशन की लापरवाही, हाईटेंशन लाइन के नीचे पानी की टंकी का निर्माण अधूरा'' | ➢ वर्तमान में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत स्वीकृत 495 नग पेयजल योजनाओं (राजस्व ग्राम 884) में 884 राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 676 राजस्व ग्रामों में फर्म द्वारा पेयजलापूर्ति की जा रही है।<br><br>➢ 493 नग ओ.एच.टी. के सापेक्ष 200 नग ओ.एच.टी. का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है, अवशेष कार्य प्रगति पर हैं।<br><br>➢ जनपद में औसतन 95.45 प्रतिशत ग्रामीणो को पेयजल कनेक्शन देने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। अवशेष कार्य प्रगति पर हैं।<br><br>➢ पाइप लाइन बिछाने हेतु तोड़ी गयी सड़को को पाइप बिछाने के उपरान्त सड़क को मोटरेबल कर दिया जाता है तथा पेयजल कनेक्शन एवं हाईड्रोटैस्टिंग उपरान्त सड़को को Permanent पुर्नस्थापित कर दिया जाता है।<br><br>➢ **कुमराला बहादुरपुर पेयजल योजना वि0ख0 गजरौला** के कार्य मैसर्स पी0एन0सी0– एस0पी0एम0एल0 जेवी, मुरादाबाद द्वारा कराये जा रहे है। उक्त ग्राम में शिरोपरि जलाशय का कार्य ग्राउन्ड लेवल तक पूर्ण, पम्प हाउस व वाउड्रीवॉल का कार्य 70 प्रतिशत पूर्ण, पाइप लाइन का कार्य 6.49 कि0मी0 के सापेक्ष 5.85 कि0मी0 पूर्ण गृह जल संयोजन 419 नग के सापेक्ष 220 नग पूर्ण एवं रास्तों को पूर्व में मोटरेवल कर दिया गया है। |

| | |
|---|---|
| | उक्त योजना पर डायरेक्ट पम्पिंग के माध्यम से पेयजल आपूर्ति की जा रही थी, योजना पर कार्यरत पम्प ऑपरेटर की मृत्यु हो जाने के कारण पेयजल आपूर्ति बाधित हो गयी थी। दूसरे ऑपरेटर की अस्थाई नियुक्ति कर योजना पर डायरेक्ट पम्पिंग के माध्यम से पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी। इसके अतिरिक्त योजना के जल कल परिसर के ऊपर से हाईटेंशन लाइन गुजर रही है हाईटेंशन लाइन को हटवाने हेतु सम्बन्धित विभाग से समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। |

उक्त के अतिरिक्त अवगत कराना है कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत भारत सरकार के पत्रांक W-11011/30/2021-JJM-1-DDWS दिनांक 16.10.2025 द्वारा कार्य पूर्ण करने की तिथि 31 दिसम्बर 2028 तक विस्तारित कर दिया गया है, माह दिसम्बर 2027 तक कार्य पूर्ण कर नियमित रूप से पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी, सादर सूचनार्थ प्रेषित।

भवदीय

(चन्द्रहास)

अधिशासी अभियन्ता

<u>पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।</u>

प्रतिलिपिः— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1— मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण) महोदय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।

2— अधीक्षण अभियन्ता महोदय, मण्डल कार्यालय उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) मुरादाबाद।

3— मुख्य विकास अधिकारी महोदय, जनपद अमरोहा।

4— जिला सूचना अधिकारी, अमरोहा।

5— सम्बन्धित सहायक अभियन्ता / जू0इं0।

6— अधिशासी अभियन्ता वि0 / या0 खण्ड कार्यालय उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),मुरादाबाद को इस आशय के साथ कि उक्त योजना पर प्रभावी कार्यवाही करते हुए शीघ्र हाईटेंशन लाइन हटवाने का कष्ट करें।

7— मैसर्स—पी0एन0सी0—एस0पी0एम0एल0 जेवी, मुरादाबाद को इस निर्देश के साथ कि सम्बन्धित विभाग से समन्वय स्थापित कर शीघ्र हाईटेंशन लाइन हटवाकर सभी निर्माण कार्य पूर्ण कराते हुए पेयजल आपूर्ति नियमित रूप से कराना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता